प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 03.07.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– संसद का मानसून सत्र इक्कीस जुलाई से शुरू होकर इक्कीस अगस्त तक चलेगा।

2– प्रदेश में किसानों को डीएपी के बदले विकल्प के रूप में एनपीके और एसएसपी खाद सोसायटियों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

3– राज्य में लंबित मामलों का निराकरण करने "मध्यस्थता राष्ट्र के लिए" अभियान चलाया जाएगा।

4– खाद्य विभाग ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जून से अगस्त महीने तक के एकमुश्त चावल वितरण की तारीख इकतीस जुलाई तक बढ़ाई।

**अब समाचार विस्तार से .....**

## संसद–मानसून सत्र

संसद का मानसून सत्र इक्कीस जुलाई से शुरू होकर इक्कीस अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मानसून सत्र आयोजित करने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर तेरह और चौदह अगस्त को संसद की बैठक नहीं होगी।

## डीएपी–वैकल्पिक व्यवस्था

राज्य सरकार ने डीएपी की कमी को पूरा करने की वैकल्पिक व्यवस्था की है। किसानों को डीएपी के बदले विकल्प के रूप में एनपीके और एसएसपी खाद सोसायटियों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार ने तीन लाख दस हजार मीटरिक टन एनपीके और एक लाख अस्सी हजार एसएसपी खाद के वितरण का लक्ष्य रखा है। सोसायटियों से किसानों को उनकी मांग के अनुरूप खाद–बीज की उपलब्धता सुनिश्चित हो, इस पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि डीएपी खाद की कमी को लेकर किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके विकल्प के रूप में राज्य सरकार द्वारा अन्य रासायनिक उर्वरक जैसे–एनपीके और एसएसपी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## मुख्यमंत्री–समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों, विशेष रूप से बस्तर और सरगुजा संभागों में नए मोबाइल टॉवर लगाने तथा फाइबर नेटवर्क लाइन बिछाने के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राज्य में पांच हजार से अधिक मोबाइल टॉवर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई–डिस्ट्रिक्ट ''टू प्वॉइंट ओ'' के माध्यम से वर्तमान में विभिन्न विभागों की पचासी ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार करते हुए दो सौ पचास

ऑफलाइन सेवाओं को भी ऑनलाइन सेवाओं में तब्दील किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ लोगों को घर बैठे ही ऑनलाइन प्राप्त होगा, तो इससे समय की बचत होगी तथा कार्यालय आने–जाने में होने वाला खर्च भी कम होगा।

## लंबित मामले–अभियान

प्रदेश में लंबित मामलों का निराकरण करने **"मध्यस्थता राष्ट्र के लिए"** अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कल छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक हुई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मध्यस्थता से लंबित मामलों की संख्या में कमी लाई जा सकती है और पक्षकारों को संतोषजनक समाधान प्राप्त हो सकता है। उन्होंने सभी न्यायालयों को अधिक से अधिक मामलों को मध्यस्थता के लिए चिह्नित करने और रेफरल प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से लागू करने के निर्देश दिए।

बैठक में सभी प्रधान जिला न्यायाधीश, परिवार न्यायालयों के प्रधान न्यायाधीश, वाणिज्यिक न्यायालय रायपुर के न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य–सचिव और सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिव शामिल हुए।

## चावल वितरण–समयावधि

खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जून से अगस्त महीने तक के एकमुश्त चावल वितरण की समयावधि इकतीस जुलाई तक बढ़ा दी है। इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों और छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के प्रबंध संचालकों को निर्देश जारी किया गया है।

## फार्मेसी काउंसिल–निर्णय

छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल ने फीस वृद्धि का निर्णय वापस ले लिया है। बढ़ी हुई फीस पर पुनर्विचार के लिए कल रायपुर में हुई काउंसिल की बैठक में सभी सदस्यों ने विभिन्न बिन्दुओं पर पुनर्विचार कर निर्णय लिया कि फीस में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की जाएगी। बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि कोविड महामारी काल में घटाए गए पंजीयन नवीनीकरण शुल्क को तीन सौ रूपये के स्थान पर पांच सौ रूपये किया जाएगा।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल ने बीते आठ मई को नए पंजीयन और नवीनीकरण सहित अन्य फीस को बढ़ाने का निर्णय लिया था।

## विजय शर्मा–जवान मुलाकात

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज बीजापुर जिले के भैरमगढ़ विकासखंड के ग्राम फुंडरी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के जवानों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने जवानों की कर्तव्यनिष्ठा, साहस और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि इन जवानों ने माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित करने और शासन की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस मौके पर बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेन्द्र यादव सहित सीआरपीएफ और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## बारिश

प्रदेश के कुछ जिलों में पिछले तीन–चार दिनों से हो रही बारिश के कारण सामान्य जनजीवन पर असर पड़ा है। बस्तर जिले में लगातार बारिश के चलते नदी–नालों का जलस्तर बढ़ गया है। वहीं, इन्द्रावती नदी भी लगभग खतरे के निशान तक पहुंच गई है, जिससे चित्रकोट जलप्रपात से पूरे वेग के साथ पानी गिर रहा है।

इधर, कोरबा जिले में भी लगातार बारिश के कारण बालको नगर के विभिन्न स्थानों पर जलजमाव की स्थिति निर्मित हो गई है। शांति नगर क्षेत्र में घरों में पानी भर जाने से नाराज लोगों ने आज बालको रिंग रोड में चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही कोरबा की महापौर संजू देवी राजपूत निगम अधिकारियों के साथ शांति नगर के प्रभावित क्षेत्र पहुंची और प्रभावित परिवारों से मिलकर स्थिति का जायजा लिया।

रायगढ़ जिले में आज सुबह से बारिश होने के कारण निचली बस्तियों के कई घरों में पानी भर गया। नगर निगम की लगभग दो सौ लोगों की टीम राहत और बचाव कार्य में जुट गई है। सक्ती जिले में बारिश के चलते सपनाई नाला उफान पर है। लगातार बारिश होने से सक्ती, छपोरा, मालखरौदा, चंद्रपुर और डभरा को जोड़ने वाला मुख्यमार्ग बाधित हो गया है। वहीं, मुंगेली जिले में भी आज सुबह से हो रही झमाझम बारिश के चलते लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। सड़कों पर पानी भरने से स्कूल–कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों और ऑफिस जाने वाले लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, खेती–किसानों के काम में तेजी आ गई है।

इस बीच, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। वहीं, उत्तर और दक्षिण छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के अंधड़ चलने, आकाशीय बिजली गिरने और भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है।

## पूर्व राज्यपाल–निधन

छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त का कल शाम निधन हो गया। खराब स्वास्थ्य के चलते उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था। शेखर दत्त छत्तीसगढ़ के चौथे राज्यपाल थे। उनका कार्यकाल तेईस जनवरी दो हजार दस से चौदह जुलाई दो हजार चौदह तक रहा। शेखर दत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के उन्नीस सौ उनहत्तर बैच के मध्यप्रदेश कैडर के अधिकारी थे। श्री दत्त भारतीय थलसेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारी रहे और वर्ष उन्नीस सौ इकहत्तर में भारत–पाक युद्ध में शौर्य के लिए उन्हें सेना पदक से भी नवाजा गया था।

पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त के निधन पर आज रायपुर स्थित राजभवन में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्यपाल रमेन डेका ने स्वर्गीय श्री दत्त के छायाचित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की। इस दौरान राजभवन के अधिकारियों–कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हमने सच्चे राष्ट्रसेवक, संवेदनशील प्रशासक और एक महान व्यक्ति को खो दिया है। श्री डेका ने कहा कि श्री शेखर ने छत्तीसगढ़ में विशेष रूप से जनजातीय समाज की समस्याओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे विषयों पर गंभीरता से कार्य किया था।

## थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप–पदक

तेलंगाना के खैराताबाद में आयोजित ग्यारहवीं राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले की नूपुर ठाकुर, छाया नाग और नेहल ठाकुर ने स्वर्ण पदक जीता है। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के आठ राज्यों से लगभग डेढ़ सौ खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें छत्तीसगढ़ के चौदह खिलाड़ियों ने पदक हासिल किए।

पदक जीतने वाली इन तीनों खिलाड़ियों ने आज दंतेवाड़ा जिले के कलेक्टर कुणाल दुदावत से मुलाकात की।

## ईओडब्ल्यू–छापा

मध्यप्रदेश की आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू की टीम ने जीएसटी घोटाले में गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के कोयला कारोबारी शेख जफर को गिरफ्तार किया है। इस व्यापारी पर फर्जी दस्तावेज बनाकर करोड़ों रुपये का कोयला बेचने का आरोप है। ईओडब्ल्यू की जांच में करीब तेईस फर्जी फर्म और कंपनियों का खुलासा हुआ है। इन्हीं कंपनियों और फर्मों के लिए कोयला कारोबारी ने डेढ़ सौ से अधिक बैंक खातों का इस्तेमाल किया। उसने इन्हीं खातों के जरिए करीब पांच सौ बारह करोड़ रूपये की फर्जी बिलिंग की। पूछताछ में कोयला कारोबारी ने बताया कि वह मास्टर माइंड विनोद कुमार सहाय के लिए काम करता है। ईओडब्ल्यू की टीम ने विनोद कुमार सहाय को बीते पच्चीस जून को झारखंड के रांची से गिरफ्तार किया था।

**संक्षिप्त समाचार**

**और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

– इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय–इग्नू में स्नातक, स्नातकोत्तर सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक छात्र आगामी पंद्रह जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

– एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने रायपुर जिले के अभनपुर ब्लॉक के पटवारी पुष्पेंद्र गजपाल को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

– सारंगढ़–बिलाईगढ़–जिले के जशपुर कछार गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>